बड़वाह की जीत के प्रमुख सूत्रधार

सचिन बिरला की टीम के खास रणनीतिकारों ने बड़वाह क्षेत्र में दिलाई भाजपा को शानदार जीत

सचिन बिरला की बी टीम का मुकाबला करने में फेल रही कांग्रेस



श्री राकेश गुप्ता - नगर पालिका अध्यक्ष बड़वाह

इस बार के विधानसभा चुनाव में जिन प्रमुख सूत्रधारों ने अपनी भूमिका का सफल निर्वहन किया उनमें एक नाम है नगरपालिका अध्यक्ष श्री राकेश गुप्ता का । विधायक सचिन बिरला एवं श्री राकेश गुप्ता का आपसी सफल तालमेल इस चुनाव में भी रंग दिखाने में कामयाब रहा । चुनावों के पहले जब सब्जीमंडी स्थानातंरण की बात चल रही थी तो उस समय जिस तालमेल एवं सूझबूझ के साथ उस मुद्दे का तात्कालिक निराकरण किया गया उसका फायदा चुनावों में देखने को मिला । श्री बिरला की जीत पर नगरपालिका अध्यक्ष श्री राकेश गुप्ता ने कहा कि यह जीत पूरे बड़वाह विधानसभा क्षेत्र के लिये स्वर्णिम जीत है । बड़वाह क्षेत्र से मिली जीत इस महाविजय में नीव का पत्थर साबित हुई । अब हम सबको मिलकर इस क्षेत्र के विकास पर खास ध्यान देना होगा । बड़वाह काटकूट क्षेत्र भाजपा की जीत में हमेशा अग्रणी रहा है लेकिन दशकों से विकास के मायने में क्षेत्र की उपेक्षा हुई है। लेकिन अब विधायक श्री सचिन जी बिरला के नेतृत्व में विकास के नये आयाम स्थापित होगें ऐसा पूरा विश्वास है ।

श्री राजेश जायसवाल- उपाध्यक्ष नगरपालिका

लाडली बहना सम्मान के आयोजन ने बदला माहोल

इस चुनाव में सचिन बिरला के सबसे मजबूत सारथी बने नगरपालिका उपाध्यक्ष श्री राजेश जायसवाल। विधायक सचिन बिरला के सबसे विश्वसनीय साथियों में शुमार श्री राजेश जायसवाल बड़वाह शहर में एक प्रमुख रणनीतिकार के रूप में उभर कर सामने आये । जिस तरह लाड़ली बहना सम्मान के आयोजन में उन्होने हजारों महिलाओं को भाजपा के बेनर तले सचिन बिरला के समर्थन में लाने में सफलता अर्जित की वो इस चुनाव में सबसे बडा गेमचेंजर साबित हुआ । नये युवा वोटरों एवं लाडली बहनाओं को भाजपा के साथ चुनाव में एकजुट करना सचिन बिरला की जीत में मील का पत्थर साबित हुआ । श्री राजेश जायसवाल का यह प्रयास भाजपा में उनकी आगीमी राजनीति के लिये भी मजबूत राह प्रशस्त करेगा ।

श्री गणेश पटेल एवं सन्नी भाटिया-

बड़वाह कस्बा एवं बड़वाह शहर में श्री सचिन बिरला के पक्ष में माहोल बनाने एवं उसे लहर में तब्दील करने में पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष गणेश पटेल तथा भाजयुमों के पूर्व जिला अध्यक्ष सन्नी भाटिया एवं उनकी टीम का प्रमुख योगदान रहा । ये दोनों नेता सचिन बिरला की विश्वासनीय टीम में शामिल रहे और उन्होने अपने दायित्व को बखूबी निभाया भी । श्री गणेश पटेल ने बड़वाह शहर के अनेक वार्डो में जहां भाजपा के पक्ष में माहोल खडा करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई वहीं सन्नी भाटिया ने अपनी पूरी टीम की ताकत बड़वाह कस्बा को सचिन बिरला के पक्ष में एकजुट करने में लगादी । इन दोनो नेताओं की भूमिका बड़वाह में चुनौती पूर्ण माहोल के बीच भी भाजपा की राह आसान करने में सफल रही ।

नरहरी दांगी ,अनोकचंद मंडलोई, महेश गुर्जर एवं बद्री पटेल की चौकडी ने ग्रामीण क्षेत्र का मोर्चा किया फतेह-

भाजपा को सबसे बडा खतरा ग्रामीण क्षेत्र से नजर आरहा था । कांग्रेस द्वारा किसानों के कर्जमाफी, बिजली बिल माफी, राजपूत समाज के विरोध तथा महिलाओं को १५०० रूपये देने जैसे लोकलुभावन मुद्दों को लेकर कांग्रेस उत्साहित थी । लेकिन काटकूट क्षेत्र में नरहरी दांगी केसाथ ही बड़वाह ग्रामीण क्षेत्र में अनोकचंद मंडलोई एवं महेश गुर्जर ने अपनी सफल रणनीति एवं अथक मेहनत से कांग्रेस के माहोल पर ब्रेक लगाकर भाजपा के पक्ष में माहोल बनाने में सफलता अर्जित की । जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण चुनाव परिणामों में देखने को मिला । काटकूट में जिस तरह की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियां सामने आरही थी उसका मुकाबला करना आसान नही था । ऐसे में श्री नरहरी दांगी एवं ब्रदी पटेल बेडिया की जोडी ने श्री सचिन बिरला के निर्देशन में ऐसी रणनीति बनाकर काम किया कि कांग्रेस के सारी योजनाये धरी की धरी रह गई और पूरे क्षेत्र से एक बार फिर कांग्रेस को जीत मिली । बेडिया के बद्री पटेल भी एक सफल रणनीतिकार के रूप मे बनकर उभरे है ।